तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 4 नवंबर 2025

14 जेडी पर तानाशाही करने का आरोप सात ...



14 मंगल भवन और अटलजी मूर्ति स्थापना स्थल का...





# भारतीय जनता पार्टी कांकेर जिला कार्यकारिणी की लंबे इंतजार के बाद घोषणा

## राजा पाण्डेय एवं जितेंद्र महामंत्री, राजीव एवं दीपक बने प्रवक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनता पार्टी कांकेर की जिला कार्यकारिणी की घोषणा दो माह पूर्व किए जाने की बात सामने आई थी, परंतु लंबे समय से इंतजार के बाद 3 नवंबर को कार्यकारिणी घोषित कर दी गई। भाजयुमो अध्यक्ष राजा पाण्डेय को जिला महामंत्री का दायित्व देकर उनके कद को बढ़ाया गया, वहीं आदिवासी वर्ग से अंतागढ़ निवासी जितेंद्र मरकाम को भी जिला महामंत्री का दायित्व मिला है। जिला महामंत्री ही कार्यकारिणी के प्रमुख स्तंभ होते है, जो सभी बैठकों की जिम्मेदारी निर्वाह करते है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव व भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने भाजपा जिला कार्यकारिणी की घोषणा किया गया, जिसके तहत 6 जिला उपाध्यक्ष बृजेश चौहान, अशोक वलेचा, राजा देवनानी, अरविंद जैन, दीपांकर दत्ता, रामबाई गोटा, 6 जिला मंत्री अनूप राठौर, संजय सिन्हा, अनिता सोनी, उत्तम जैन, अमिता बंजारे, हेमप्रभ कटबेर, कोषाध्यक्ष बृजमोहन तिवारी, सह कोषाध्यक्ष नंद कुमार ओझा, प्रवक्ता राजीव लोचन सिंह, दीपक खटवानी, कार्यालय मंत्री प्रदीप जायसवाल, सह कार्यालय मंत्री उगेश्वरी उइके, मीडिया प्रभारी निपेन्द्र पटेल, सह मीडिया प्रभारी मनोज जैन, शंकर सरकार, सोशल मीडिया जिला संयोजक टिकेंद्र दुग्गा, सह संयोजक प्रवीण ठाकुर, देव बैरागी, आईटी सेल संयोजक मुकेश संचेती, सह संयोजक अंकित जैन व संकेत नशीने को बनाया गया है। कार्यकारिणी को लेकर लंबे समय से किया जा रहा इंतजार अब खत्म हो गया है। यह कार्यकारिणी अब जिले में संगठन को मजबूत करने के लिए मजबूती से काम करते हुए नजर आएगी।



राजा पाण्डेय



जितेंद्र मरकाम



राजीव लोचन सिंह



दीपक खटवानी

### प्रवक्ता का दायित्व राजीव एवं दीपक को

भाजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित हुई, जिसमें जिले में प्रवक्ता का दायित्व पिछली कार्यकारिणी में रहे भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह और कांकेर शहर में मंडल अध्यक्ष रहे दीपक खटवानी को मिला है। मीडिया को अब किसी भी विषय पर स्टेटमेंट के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता को अधिकृत किया गया है।

## गोलमाल : वायु गुणवत्ता मापन यंत्र के लिए तैयार पंचनामे पर सील-मुहर का दुरुपयोग


# भैंसाकन्हार (क) के पूर्व सरपंच पर सील-मुहर के दुरुपयोग का आरोप, एफआईआर की मांग


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

कांकेर जिला के अंतर्गत ग्राम पंचायत भैंसाकन्हार (क) इन दिनों गंभीर प्रशासनिक विवादों के केंद्र में आ गया है। ग्राम के पूर्व सरपंच जयंत्री बाई वट्टी पर पंचायत की सील-मुहर के अवैध उपयोग का आरोप लगा है। वर्तमान सरपंच द्वारा इसे असंवैधानिक कृत्य पद का दुरुपयोग और नियमों का खुला उल्लंघन बताते हुए न्यायिक जांच तथा एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। यह मामला केवल सील के दुरुपयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रश्न उठाता है कि ग्रामीण प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही किस स्तर पर सुनिश्चित हो रही है।

वर्तमान सरपंच रमल कोर्राम के द्वारा उपलब्ध करवाए गए दस्तावेज के अनुसार भैंसाकन्हार (क) पंचायत की पूर्व सरपंच जयंत्री बाई वट्टी ने 17 मार्च 2025 को ग्राम में वायु गुणवत्ता मापन यंत्र लगाने के संबंध में एक पंचनामा तैयार किया। इस पंचनामे पर पंचायत की सील-मोहर का उपयोग किया गया। विवाद का

### पंचनामा तैयार करने के लिए प्रशासनिक अनुमति नहीं ली





मुख्य बिंदु यह है कि 3 मार्च 2025 को जयंत्री बाई वट्टी ने आधिकारिक रूप से अपना पदभार वर्तमान सरपंच को सौंप दिया था। पदभार सौंपने के बाद कोई भी दस्तावेज जारी करना कानूनन गलत माना जाता है। वर्तमान सरपंच का आरोप है कि पदत्याग के 14 दिन बाद पूर्व सरपंच द्वारा पंचायत की मोहर का उपयोग करना न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि यह फर्जी दस्तावेज या कुचक्रित प्रमाण जैसी धाराओं के दायरे में भी आ सकता है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पंचायत के किसी कर्मचारी को इसकी जानकारी नहीं थी, पंचनामा तैयार करने के लिए कोई प्रशासनिक अनुमति नहीं ली गई। ग्राम सभा का निर्णय झूठा दिखाया गया। मोहर और पद का गलत इस्तेमाल ग्राम के अधिकारों का हनन है। शिकायतकर्ता ने कहा कि वायु गुणवत्ता यंत्र का नाम लेकर माईंस प्रबंधन को फायदा पहुँचाने की कोशिश की गई। ग्राम के हितों और पर्यावरणीय असर का आंकलन किए बिना हस्ताक्षर करा लिया गया। ग्राम सभा के बिना कोई पंचनामा मान्य नहीं होता। इसे एक योजनाबद्ध गतिविधि माना जाना चाहिए। शिकायत में यह भी कहा गया है कि दस्तावेज की कॉपी ग्राम कार्यालय में उपलब्ध नहीं है।

### यह न केवल गलत, बल्कि ग्रामहित के खिलाफ है

वर्तमान सरपंच रमल कोर्राम ने कहा कि पूर्व सरपंच ने पद छोड़ने के बाद भी मोहर का उपयोग कर दस्तावेज जारी किया। यह कानून का खुला उल्लंघन है। ग्राम पंचायत के सभी अधिकार 3 मार्च 2025 को ही मुझको सौंप दिए गए थे। ऐसे में 17 मार्च को किसी भी प्रकार की सहमति या पंचनामा तैयार करना पूरी तरह असंवैधानिक है। इस मामले की न्यायिक जांच कर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। इसमें सम्मिलित सभी लोगों पर कार्यवाही किया जाना चाहिए।

### पंचायत प्रणाली में मोहर का महत्व

भारत की पंचायत व्यवस्था में सील-मोहर का महत्व अत्यंत व्यापक है। यह केवल एक दस्तावेज की पहचान नहीं बल्कि पंचायत के प्रशासनिक अधिकार, ग्राम सभा के निर्णयों की वैधता, वित्तीय स्वीकृति, विकास कार्यों की प्रामाणिकता, सरकारी रजिस्टर में प्रविष्टियों का प्रमाण इन सबका प्रतीक होती है। इसलिए मोहर के उपयोग का अधिकार केवल वर्तमान सरपंच या उनके अधिकृत सचिव को ही होता है। किसी भी अन्य व्यक्ति, और विशेषकर पूर्व सरपंच, द्वारा इसका उपयोग करना पद का दुरुपयोग, अधिकारिक प्रक्रिया का उल्लंघन, धोखाधड़ी की श्रेणी, शासन-प्रशासन को गुमराह करने का प्रयास माना जाता है।

# सेना के जवान से पांच लाख की आनलाइन ठगी, फोन पे से उड़ाई रकम, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





भारतीय सेना में जम्मू रेजिमेंट में तैनात जवान ने नरहरपुर थाना में बड़े साइबर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत करने वाले जवान ने बताया कि उनके बैंक खाते से फोन-पे के माध्यम से 4 लाख 94 हजार 341 रुपएं की अवैध निकासी कर ली गई है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जाँच शुरू कर दिया है।

नहरपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पत्थर्रीपारा निवासी 26 वर्षीय पिंटू राम पिता अलतू राम जुर्री ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में मैं भारतीय सेना रेजिमेंट जम्मू में तैनात हूं। मैं जम्मू में पदस्थ था, जहां प्रीपेड मोबाईल नंबर नहीं चलता है, तो मेरा पुराना मोबाईल नंबर फोन पे से लिंक था। मैं वहां जाने के बाद नवंबर 2024 में मोबाईल बंद हो गया, तब मैने नया मोबाईल नंबर लेकर वहीं नंबर चला रहा हूं। माह फरवरी 2025 से 1 जून 2025 तक आपरेशन में होने के कारण अपना फोन अपने यूनिट में नियमानुसार जमा किया था। आपरेशन से जब वापसी हुई, तब अपना मोबाईल चालू किया तो देखा कि बैंक खाता से 4 लाख 94 हजार 341 रूपएं अज्ञात व्यक्ति द्वारा अनाधिकृत रूप से निकला लिया गया था। मैं अपनी यूनिट से छुट्टी लेकर अपने खाताधारक बैंक एसबीआई नरहरपुर जाकर उक्त निकासी के संबंध में पतासाजी किया, तो पता चला कि मेरे ट्रांजेक्शन फोन पे के माध्यम से किश्तों में हुए हैं, जो कि मेरे वर्तमान मोबाईल नंबर से नहीं हुआ था।

सेना के जवान ने पुलिस को बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा छलपूर्वक अनाधिकृत रूप से मेरे खाता से फोन पे के जरिये कुल रकम 4 लाख 94 हजार 341 रूपएं अवैध रूप से निकासी कर मेरे साथ धोखाधड़ी किया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार युवक की हुई मौत



**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत हुई सड़क दुर्घटना के विवेचना में पाया गया कि 7 जुलाई को दोपहर ढाई बजें मृतक पीव्ही 98 दयानगर निवासी प्रताप मंडल पिता विश्वनाथ मंडल अपने खेत में काम करने के लिए मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 सीएफ 0291 में सवार होकर गया था। मोटर सायकल को मृतक प्रताप मंडल चला रहा था, पीछे उसका बड़ा भाई विजय मंडल बैठा था। रास्ते में ग्राम पेण्डरी महाराष्ट्र की ओर से आ रही टैक्टर क्रमांक सीजी 19 बीटी 1433 के चालक वाहन को तेज व लापरवाही चलाकर मोटर सायकल को साईड से ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से मोटर सायकल चालक प्रताप मंडल को गंभीर चोट आया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 1433 के चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सिंधु युवा विंग आज करेगा पुतला दहन





**कांकेर।** सिंधु युवा विंग के द्वारा आज 4 नवंबर को सुबह 10 बजे समाज एवं इष्टदेव के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करने वाले अमित बघेल पर कार्यवाही की माँग को लेकर पूज्य सिंधु भवन मांझापारा में समाज में बड़े से लेकर छोटे तक प्रत्येक सदस्य का एकत्रीकरण होगा। पूज्य सिंधु भवन से पुराना बस स्टैण्ड तक आक्रोश रैली निकाली जाएगी और रमा लाँज चौक में पुतला दहन किया जाएगा।

### अस्पताल में घायल की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 126 रामकृष्णपुर निवासी 34 वर्षीय प्रेमानंद विश्वास का इलाज के दौरान 30 सितंबर को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने दुर्गुकोंदल थाना में अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। गंभीर चोट आने वजह से इलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगाकर नाबालिग ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत मालगांव निवासी 17 वर्षीय संजना भास्कर ने 2 नवंबर को घर में फांसी लगा लिया। नाबालिक लड़की को फंदे से ऊतारकर परिजन अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने परीक्षण कर बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। मृतिका ने फांसी किस वजह से लगाया यह अभी पता नही चल पाया है। कांकेर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज के दौरान हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत धनोरा निवासी 46 वर्षीय महेंद्र भास्कर का इलाज के दौरान 24 सितंबर को जिला अस्पाताल में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

# चप्पल चोरी के आरोप में मालिक ने डंडे से की जमकर पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



परतापुर थानांतर्गत ग्राम सलियापारा में चप्पल चोरी की बात को लेकर विवाद हो गया। आरोपी ग्रामीण ने पीड़ित के ऊपर चप्पल चोरी करने का आरोप लगाते हुए डंडा से जमकर मारपीट कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। थाना परतापुर में शिकायत करने पहुंचे सलियापारा निवासी 45 वर्षीय बासंधर नाग पिता बंशी नाग ने पुलिस को बताया कि 2 नवंबर को दोपहर 12 बजें मेरे पड़ोसी खगेश्वर बघेल के घर टीवी देखने गया था। मेरे गांव का राम नरवास मेरे पड़ोसी खगेश्वर बघेल के घर आकर मुझे बाहर निकलने बोला। तो मैं सड़क पर निकला तो राम नरवास तुम मेरे घर से मेरा चप्पल को चोरी किए हो बोलकर गाली दिया और जान से मारने की धमकी देकर हाथ में रखे बांस के डंडा से सिर व पीठ में हमला कर दिया। मारपीट से मेरे सिर एवं पीठ मे चोट लगा है। मारपीट को देख वहां पर मौजूद लोगो ने बीच बचाव किया है। शिकायत पर पुलिस ने राम नरवास के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# महिला ने युवती से की मारपीट शिकायत पर अपराध हुआ दर्ज





**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुँची आजाद नगर डोंगरीपारा न निवासी 26 वर्षीय योगिता साहू पिता स्व. मधुसुदन साहु ने पुलिस को बताया कि 2 नवंबर की रात करीबन 12 बजे मै अपने घर सामने रोड किनारे किराएदार हरीश सुरोजिया के साथ खड़ी होकर बातचीत कर रही थी, उसी समय अनिता शर्मा निवासी भानुप्रतापपुर अपने स्कूटी सवार होकर अपने 02 साथियों के साथ गुजर रही थी और अनाप सनाप गंदी गंदी गाली गलौच बोलते हुए जा रही थी, मुझे बहुत बुरा लगा। मैं उसी समय अपने मोबाईल फोन से आकाश सोलंकी निवासी सुभाषपारा को बताया और थोड़ी देर बाद अनिता शर्मा मेरे घर आकर गाली देते हुए तुझे जान मारकर खत्म कर दूंगी कहते हुए मुझे धक्का देकर हाथ मुक्का और लात से मारपीट किया है। मारपीट करने से मेरे चेहरे मे दोनो हाथ में चोट आई और मेरे दाहिने हाथ के चीनी उंगली मे चोट लगी है। घटना को मेरी मां सविता साहू ,मेरी बड़ी बहन पायल साहु, हरीश सुरोजिया, मयंक साहू , प्रियंम पांडे देखे सुने और बीच बचाव किए है। मैने पूरी घटना के बारे में आकाश सोलंकी ▶▶| शेष पेज 12 पर

# पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ पुशपालन को बढ़ाना जरूरी : नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

विकासखंड नरहरपुर के ग्राम मुसुरपुट्टा में आयोजित पशु मेला का जायजा विधायक

- पशु मेला में मुसुरपुटा में उमड़ा जनसमूह, पशुपालकों ने दिखाई गहरी रुचि

आशाराम नेताम ने कहा कि पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इसलिए पशुपालन को बढ़ाना बहुत जरूरी है। ग्रामीण अंचल में पशुपालन को बढ़ावा देने, नवीन तकनीकों की जानकारी देने तथा पशुपालकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से विभाग ने शिविर का आयोजन किया है। रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पशुधन विकास



विभाग द्वारा जिला स्तरीय पशु मेला 3 अक्टूबर को मुसुरपुट्टा में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और पशुपालकों की समृद्धि के लिए अनेक योजनाएं चला रही है, जिनसे ग्रामीण अंचल में रोजगार और आमदनी के नए द्वार खुल रहे हैं। पशु मेला को ज्ञान और नवाचार का मंच बताते हुए ग्रामीणों से अपील किया कि वे पशुओं के स्वास्थ्य और देखभाल के प्रति सजग रहें तथा विभागीय योजनाओं का लाभ अवश्य लें। मेला स्थल पर विभिन्न नस्लों के दुधारू पशु, बकरी, भेड़, मुर्गी पालन, सूकर पालन तथा आधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनियाँ लगाई गईं, जिनमें ग्रामीणों ने गहरी रुचि दिखाई। पशु चिकित्सकों द्वारा पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण भी किया गया। विभागीय स्टॉल में योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पशुपालकों को तकनीकी परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर अतिथियों में मत्स्य कल्याण बोर्ड के ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पुलिस ने समाज के बढ़ते दबाव को देखते हुए अमित बघेल पर दर्ज किया मामला

# सिंधी समाज ने दुकानें बंद करके निकाली आक्रोश रैली, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- पुरुष व युवाओं के अलावा रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं

भानुप्रतापपुर में आज सिंधी समाज भानुप्रतापपुर आक्रोश रैली निकालते हुए जमकर प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद करके सिंधु भवन में एकत्र हुए और रैली के शक्ल में थाना परिसर पहुँचे। समाज के लोगों ने अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग किया। पुरुषों, महिलाओं और युवाओं ने भारी संख्या में भाग लेते हुए नारेबाजी की और दोषी पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।


समाज के सदस्यों ने बताया कि तीन दिन पूर्व भी एफआईआर के लिए आवेदन





दिया गया था, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। इस लापरवाही के चलते समाज में गहरा रोष व्याप्त था, जिसके कारण समाज के लोगों ने 3 नवंबर को आक्रोश रैली निकाली। रैली के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह और आक्रोश देखा गया। उनका कहना था कि समाज की गरिमा के साथ किसी भी प्रकार का अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषी पर शीघ्र सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। बढ़ते जनदबाव और समाज की एकजुटता के परिणामस्वरूप पुलिस प्रशासन ने अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 299 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया। भानुप्रतापपुर पुलिस ने सिंध समाज के अध्यक्ष विशाल आहूजा के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन पर एफआईआर दर्ज किया गया। उन्होने बताया कि तीन दिन पूर्व सनातन समाज भानुप्रतापपुर ने भी अमित बघेल की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुतला दहन किया था। सिंधी समाज की माँग है कि अपराध दर्ज करने से कुछ नहीं होगा, उसे जेल की सलाखों में भेजा जाना चाहिए, ऐसा नहीं होने पर समाज का आंदोलन उग्र रूप भी ले सकता है।

# जिला राज्योत्सव में 13 हितग्राहियों को परिवार सहायता से किया लाभान्वित



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा 02 से 04 नवम्बर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राज्योत्सव का शुभारंभ कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग और विधायक आशाराम नेताम ने किया। सांसद और विधायक ने जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा पिछले 25 वर्षों में जिले में हुए विकास पर आधारित प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन किया। प्रदर्शनियों की उन्होंने मुक्तकंठ से सराहना की और जिले की शासकीय गतिविधियों को करीब से जाना। इस अवसर पर उनके द्वारा समाज कल्याण विभाग के प्रदर्शनी स्टॉल में 13 हितग्राहियों को परिवार सहायता योजनान्तर्गत 20 हजार रूपए का चेक वितरित किया। मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### कोंडागांव में लगेगा मेगा रोजगार मेला आज

**कोण्डागांव।** राज्य स्तरीय गोधन उत्सव 2025 के अवसर पर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, कोण्डागांव द्वारा युवाओं के लिए मेगा रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। यह रोजगार मेला आज मंगलवार को विकासनगर मैदान, कोण्डागांव में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा कुल 521 पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड में 40 पदों पर भर्ती, कोण्डागांव, सेल्फ इंटेलिजेंट सिक्योरिटी सर्विसेज में 281 पदों पर अवसर, भिलाई और लेविवॉन सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियां युवाओं का चयन करेंगी। चयन प्रक्रिया साक्षात्कार के माध्यम से उसी दिन संपन्न की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, बायोडाटा एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित हों। सभी अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से उसी दिन किया जाएगा।

### बसों में सुरक्षा मानकों की जांच में 9 बसों पर हुई कार्रवाई

**कोण्डागांव।** विभिन्न राज्यों में एसी स्लीपर बसों में लगातार हो रही दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए परिवहन आयुक्त, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी, कोण्डागांव के नेतृत्व में परिवहन उड़नदस्ता, जगदलपुर की संयुक्त टीम ने बसों की सुरक्षा जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान टीम द्वारा बसों में अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन निकास, फर्स्ट एड बॉक्स, और अन्य सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई। सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले बस संचालकों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 9 बसों से 18,500 शमन शुल्क वसूला गया।

# प्रधानमंत्री आवास : कोंडागांव विखं के 472 हितग्राहियों का हुआ गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती महोत्सव और राज्य उत्सव के अवसर पर आज प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जनपद पंचायत कोण्डागांव अंतर्गत ग्राम पंचायत चिकलपुटी और सोनाबाल में गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के 472 हितग्राहियों को नए आवास की चाबी सौंपकर गृह प्रवेश कराया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, जनपद सीईओ उत्तम, सहायक परियोजना अधिकारी श्री महापात्र, कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र और बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण गरीबों के जीवन में स्थायित्व और सम्मान का नया अध्याय जोड़ रही है।

## ग्रामीणों को योजना से मिली पक्के घर की सौगात

### 7 नवंबर तक पूर्ण होगा शेष गृह प्रवेश

जनपद पंचायत अधिकारियों ने बताया कि कुल 1176 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें से 472 आवासों का गृह प्रवेश आज कराया गया है। शेष आवासों का गृह प्रवेश आगामी 7 नवम्बर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। यह योजना ग्रामीण अंचलों के लिए आवासीय सुरक्षा और जीवन स्तर सुधारने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। कोण्डागांव जिले में इस योजना से हजारों परिवारों को अपने घर का सपना साकार करने का अवसर मिला है।



### हितग्राहियों ने जताया आभार

गृह प्रवेश करने वाले हितग्राहियों ने बताया कि पहले वे खपरे और मिट्टी के घरों में रहते थे, जहां बरसात और ठंड के मौसम में काफी परेशानी होती थी। अब पक्के मकान में रहने से सुरक्षा, सुविधा और सम्मान का अनुभव हो रहा है। लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कार्यक्रम : विधायक व कलेक्टर ने मशाल रैली निकालकर फैलाई जनजागरुकता

# बाजारपारा आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषित जीवन अभियान का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कुपोषण मुक्त कोण्डागांव की दिशा में बड़ा कदम

जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से रविवार को स्थानीय बाजारपारा आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सुपोषित जीवन अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान आदिकर्मयोगी पहल के तहत संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक लता उसेंडी और कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बड़ी संख्या में महिलाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ मशाल रैली निकालकर अभियान का शुभारंभ किया। विधायक और कलेक्टर ने हाथों में दिया लेकर बाजारपारा से विकासनगर स्टेडियम तक पैदल रैली निकाली। इस रैली में महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपोषण सखियाँ और जनप्रतिनिधि उत्साहपूर्वक शामिल हुए। रैली का उद्देश्य था कुपोषण उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाना और जनसहभागिता से पोषण सुधार की दिशा में कदम बढ़ाना।




### कुपोषित बच्चों को गोद लेकर पोषण की जिम्मेदारी उठाएं : लता

विधायक लता उसेंडी ने कहा कुपोषण केवल स्वास्थ्य नहीं, बल्कि समाज के भविष्य का प्रश्न है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई बच्चा भूखा या कुपोषित न रहे। उन्होंने जिलेवासियों से कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उनके पोषण की जिम्मेदारी उठाने की अपील की। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं में एनीमिया मुक्त अभियान को भी तेज करने पर जोर दिया।

### कलेक्टर ने बताया, अभियान का उद्देश्य

कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान आदिकर्मयोगी पहल के तहत शुरू किया गया है ताकि सामाजिक भागीदारी से कुपोषण समाप्त करने के प्रयासों को गति मिल सके। उन्होंने बताया कि पहले से ही अधिकारी कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उन्हें सुपोषण स्तर तक लाने के लिए कार्य कर रहे हैं।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों में दी जा रही नई जिम्मेदारी

अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को पोषण प्रोग्रेस कार्ड वितरित किए गए। साथ ही पोषण सखियाँ घर–घर जाकर बच्चों और माताओं की पोषण स्थिति पर निगरानी रखेंगी और जरूरतमंद परिवारों को पोषण आहार व परामर्श उपलब्ध कराएंगी।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर दीपेश अरोरा, गोपाल दीक्षित, हर्ष ढिल्लन, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिस्वाल, बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र सोनी सहित पिरामल फाउंडेशन के जिला लीड प्रदीप राव और भारत कॉलेबोरेटिव टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रही।

# पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी के तबादले पर पर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

बीआरसी कार्यालय एवं खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के द्वारा सामूहिक रूप से पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी सदेसिंह कोमरे के स्थानांतरण होने पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

विदाई में पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा विकासखंड में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की गई। जेईई, नीट, नवोदय विद्यालय जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं में विकास खंड की उपलब्धि, शालाओं के दशाओं में परिवर्तन जैसे उल्लेखनीय कार्यों को सभी मंचस्थ अधिकारियों ने अनुकरणीय बताया तथा नौनिहालों के लिए किए गए प्रयासों को निरंतर जारी रखकर विकासखंड भानुप्रतापपुर के गुणवत्ता स्तर को बनाए रखने आश्वस्त किया। कहा कि जिस समय मेरी नियुक्ति खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर हुई वह समय चुनौती पूर्ण था, जिसे मैने आप सभी के सहयोग से स्वीकार कर सभी शिक्षण संस्थान, शिक्षकों, संकुल समन्वयक के सहयोग से भानुप्रतापपुर विकास खंड के नाम को ऊंचाई पर ले जाने में सफल हुआ। विदाई कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी क्षमा सोनेल के द्वारा किया गया। खंड स्त्रोत समन्वयक राधेलाल नूरूटी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश सोनवानी, धर्मराज कोरेटी, वरिष्ठ लेखपाल नितेश कोड़ोपी, रमेश पोया,संकुल समन्वयक अध्यक्ष मुकेश जैन एवं सभी संकुल समन्वयकों एवं खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयीन समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

### कलेक्टर नुपूर ने एकलव्य आवासीय विद्यालय शामपुर का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने आज एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, शामपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में साफ–सफाई, छात्रवास की स्थिति, शिक्षण व्यवस्था तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर ने शिक्षकों से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली और उन्हें निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ दायित्व निभाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर तैयार किए गए चार्ट और शैक्षणिक मॉडल देखे गए। कलेक्टर ने इन रचनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और उन्हें आगे भी सृजनात्मकता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

# दीपावली मिलन समारोह में मानसगान स्पर्धा की चर्चा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

मरकाटोला फतेचंद में रविवार की शाम को ग्राम के रामायण शेड में श्रीश्री राम चरित मानस मंच द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी दिनों में होने वाले त्रि दिवसीय राज्य स्तरीय मानस गान प्रतियोगिता के सम्बद्ध में आयश्यक चर्चा रखी गई।

इस अवसर पर ग्राम के सरपंच मिथलेश कावड़े ने उपस्थित ग्रामीणों को देव उठनी व दिपावली पर्व की बधाई देते हुए आगामी मानस गान प्रतियोगिता मे तन, मन, धन से सहयोग देते हुए एकजुट हो कर कार्यक्रम सफल बनाने की आव्हान किया। मानस मंच के अध्यक्ष चमन यादव ने आयोजित कार्यक्रम की रुप रेखा प्रस्तुत करते तैयारियों की जानकारी दी। इस अवसर पर उप सरपंच प्रिन्स पाण्डेय, छबि राम हिचामी, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मानसाय दर्रो, सरक्षक सुबे सिंह धुर्वा, डा माखन गंजीर, सयोजक मुकतेश्वर सिंह ठाकुर, मनीष पाण्डेय, बिरेश गंजीर, सचिव मनीष साहू, धकेश गंजीर, जागेश नाग, राजकुमार चालकी, देवेंद्र हिरवानी, महेंद्र गंजीर, मनीशंकर गंगराले, नरेंद्र दीपक, लच्छन नेताम, गुलाब सिंह पटेल, रामयश पटेल, जंगलु चिराम, बबलू चौबे संदीप जैन, आत्मा साहू, संतोष कुमेटी, भारत हिचमी, पूर्व सरपंच गायत्री धुर्वा, रेखा हिचामी, फगेश्वरी हिरवानी, परमिला खरागिया, देवबती साहू, हेमलता यादव, संत साहू उपस्थित रहे।

# सरपंच संघ ने एसडीओ को हटाने की मांग की ज्ञापन सौंपा आंदोलन की दी चेतावनी



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में सरपंच संघ द्वारा जनपद पंचायत में पदस्थ एसडीओ अश्ववतकुमार कुमार मंडावी को तत्काल हटाने की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। सरपंच संघ ने आरोप लगाया है कि एसडीओ अपनी सेवाओं में लापरवाही बरतते हैं, लगातार कार्यस्थल से अनुपस्थित रहते हैं, और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों तथा कर्मचारियों के साथ अनुचित व्यवहार करते हैं।

सरपंच संघ के अध्यक्ष शकुंतला नरेटी, उपाध्यक्ष बलराम टेमरिया एवं राम गावड़े तथा सचिव मुकेश कुमार गावड़े ने बताया कि एसडीओ द्वारा न तो फाइलों का समय पर सत्यापन किया जा रहा है और न ही फोन कॉल रिसीव किए जाते हैं। परिणामस्वरूप कई महत्वपूर्ण ग्रामीण विकास कार्य, टीएस स्वीकृतियाँ, भुगतान प्रस्ताव तथा आधारभूत कार्य योजनाएँ रुकी पड़ी हैं, जिससे विकासखंड के अनेक पंचायतों का कार्य प्रभावित हो रहा है। सरपंच संघ ने कहा कि जनपद पंचायत में एसडीओ का व्यवहार जनप्रतिनिधियों के प्रति अनादरपूर्ण है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि चार दिनों के भीतर एसडीओ को हटाने की कार्रवाई नहीं की जाती, तो सरपंच संघ सामूहिक रूप से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। सरपंच संघ ने यह भी कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की मुख्य इकाई हैं और जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं को लेकर काम करते हैं। ऐसे में प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक सहयोग न मिलना विकास कार्यों को ठप कर देता है, जो आम जनता के हित के विरुद्ध है। ज्ञापन प्राप्त करने के दौरान तहसीलदार ने मामले को उच्च अधिकारियों तक पहुँचाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में कुबेर दर्रो, मुकेश नरेटी, रामशिला कोयला, साधना सहारे, अनुपा कोवाची, मनीषा मंडावी, नीलिमा मरकाम, सोमनाथ नेताम, प्रेम पुडो, धनसाय हुरा, रमूला नरेटी जनपद सदस्य एवं सभापति वन, मनकुंवर बोगा, मानिक कडियाम, जवाहर ठाकुर सहित अन्य अनेक सरपंच उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने आधार अद्यतन शिविर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- अपार आईडी निर्माण में तेजी लाने के दिए निर्देश
- विद्यालयों में आधार अद्यतन की प्रगति का लिया जायजा

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज स्थानीय चावरा स्कूल और सेजेस लंजोड़ा में आयोजित आधार अद्यतन शिविरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपार आईडी निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण प्रक्रिया में आधार कार्ड की त्रुटियों को शीघ्र सुधारना अत्यंत आवश्यक है ताकि सभी विद्यार्थियों को शिक्षा पोर्टल से जोड़ा जा सके।

उन्होंने बताया कि कई विद्यार्थियों के नाम और जन्मतिथि में हुई त्रुटियों के कारण अपार आईडी बनने में बाधा आ रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए उनके निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों में आधार अद्यतन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से विद्यार्थी आसानी से अपना आधार अद्यतन करवा पा रहे हैं जिससे अपार आईडी निर्माण कार्य में तेजी आएगी।



### खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने लंजोड़ा में आयोजित बस्तर ओलंपिक के जोन स्तरीय प्रतियोगिता स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने खेल मैदान में पहुँचकर खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनके खेल प्रदर्शन की सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में खेल भावना और आत्मविश्वास को बढ़ाने का उत्कृष्ट माध्यम हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, संयुक्त निदेशक आईटी एनआईसी हेमंत भगत, तथा विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने टीम को निर्देश दिए कि सभी विद्यार्थियों के आधार व अपार आईडी अद्यतन कार्य शीघ्रता से पूर्ण किए जाएँ।

## पेज 11 के शेष...

**महिला ने युवती...**

को बताई हूं। प्राथियाँ की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अनिता शर्मा के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### पशुधन ग्रामीण...

अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत मुसुरपुटा के सरपंच दिलीप अरकरा ने किया। इस अवसर पर उप संचालक सत्यम मिश्रा ने बताया कि पशु मेलों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को आधुनिक पशुपालन तकनीकों से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से पशुओं के रोग निवारण, चारा उत्पादन और कृत्रिम गर्भाधान जैसे विषयों पर प्रशिक्षण लगातार दिया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में नोडल अधिकारी डॉ. नवीन नरेटी ने सभी अतिथियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजित कार्यक्रम में जनपद सदस्य पवन नेताम, संगीता शोरी, वीणा बंटी राय, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विरेंद्र नाग, चित्रलेखा, लोकेश ठाकुर, अंजोरी मरकाम, कुशल नागवंशी, विकास खानी, लोकेश साहू सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी, पशुपालक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### जिला राज्योत्सव में...

जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले एवं शिशुपाल शोरी, महावीर सिंह राठौर, आलोक ठाकुर, सतिश लाठिया, महेश जैन, टेकेश्वर जैन, कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी, एसडीएम कांकेर नरेन्द्र बंजारा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### गुरु घासीदास बाबा के अपमान के विरोध में सतनामी समाज का प्रदर्शन

**कोण्डागांव।** जिले के सतनामी समाज ने सोमवार को मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें विजय सिंधी और उनके साथियों पर परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा का अपमान करने का आरोप लगाया गया। समाज ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि 29 अक्टूबर को विजय सिंधी और उनके साथियों ने षड्यंत्रपूर्वक गुरु घासीदास बाबा जी के प्रति अभद्र भाषा और गाली–गलौज करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया। इस घटना से सतनामी समाज में भारी आक्रोश फैल गया है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए बीएलए और बीएलओ का प्रशिक्षण संपन्न

# मतदाता सूची के अद्यतन और त्रुटिरहित पुनरीक्षण पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कोण्डागांव और नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को सुचारू, पारदर्शी और त्रुटि रहित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कोण्डागांव विधानसभा एवं नारायणपुर विधानसभा आंशिक के अंतर्गत कार्यरत बीएलओ बूथ लेवल अधिकारी और बीएलए बूथ लेवल एजेंट को प्रशिक्षण दिया गया। यह एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद पंचायत कोण्डागांव के सभाकक्ष में आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अजय उरांव ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है, इसलिए प्रत्येक प्रविष्टि की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए।



### फॉर्म भरने और त्रुटि रहित प्रक्रिया पर दिया गया प्रशिक्षण

अधिकारियों ने बीएलओ और बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं को फॉर्म 6, 7, 8 और 8 ए को सही ढंग से भरने की प्रक्रिया समझाई। साथ ही पुनरीक्षण के दौरान योग्य मतदाताओं को जोड़ने और मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया में सावधानी और वस्तुनिष्ठता बरतने पर बल दिया गया।

### अधिकारियों की उपस्थिति और मार्गदर्शन

इस अवसर पर तहसीलदार मनोज रावटे और डिप्टी कलेक्टर रश्मि पोया उपस्थित रही। उन्होंने भी प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों को निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण का उद्देश्य आगामी चुनावों के लिए जिले की मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन और पारदर्शी बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक अपने मताधिकार का सही उपयोग कर सके।

## खबर संक्षेप

### जनपद उपाध्यक्ष ने किया स्कूलों एवं छात्रावासों का निरीक्षण



**लोहण्डीगुड़ा।** लोहण्डीगुड़ा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बसंत कश्यप ने मारीकोड़ेर तथा मारडूम के स्कूल एवं छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों से मुलाकात कर उनका हाल जाना एवं बेहतर व्यवस्था एवं शिक्षा सुधार को लेकर निर्देशित किया। उनके साथ गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप सुदरू सेठिया, निरंजन बघेल, तुलसी मण्डावी मौजूद रहे।

### बस्तर ओलंपिक में खिलाड़ियों का दिखा दम



**बस्तर।** विकासखण्ड बस्तर में जोन स्तरीय बस्तर ओलम्पिक प्रतियोगिता का आयोजन 3 नवम्बर से प्रारम्भ किया गया। आज 4 ज़ोन घोटिया, सिवनी, तुरपुरा व करन्दोला में जूनियर वर्ग व सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त जोन स्तरीय प्रतियोगिता का अवलोकन बस्तर ओलम्पिक ब्लॉक नोडल एवं सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील तिवारी द्वारा किया गया।

### आधार कार्ड सुधार शिविर में पहुंचे एसडीएम व तहसीलदार



**तोकापाल।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर बस्तर हरीश एस ने संपूर्ण बस्तर जिला में आधार कार्ड में सुधार हेतु सभी विकासखंड में शिविर आयोजित किया है। इसी क्रम में आज तोकापाल विकासखंड के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तोकापाल में आयोजित शिविर में एसडीम तोकापाल शंकर लाल सिन्हा एवं तोकापाल तहसीलदार यशोदा तेतरेपा ने शिविर स्थल पर पहुंचकर संस्था के प्राचार्य विधु शेखर झा से शिविर की स्थिति की जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि शिविर का लाभ विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में मिले इसे सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने वहां लाभार्थियों की उपस्थिति देखकर भरोसा व्यक्त किया कि कार्य को गति दिया जा रहा है। दोपहर तक 31 लोगों का दूरूस्तीकरण का कार्य किया जा चुका था।

### जल स्वच्छता व सफाई पर चला जागरुकता अभियान



**बस्तर।** एसबीआई संजीवनी मोबाइल मेडिकल यूनिट के सहयोग से परिवर्तन समाज विकास समिति द्वारा बच्चों एवं ग्रामवासियों में स्वच्छता प्रति जागरूक करना था। संस्था के जिला समन्वयक ने बताया कि स्वच्छता से हमारा शरीर स्वस्थ रहता हैं। स्वच्छ जल और उचित स्वच्छता से बीमारियों को रोका जा सकता हैं। स्वच्छ जल और नियमित हाथ धोने जैसी स्वच्छता की आदतों से हैजा, टाइफाइड और दस्त जैसी बिमारियों को रोका जा सकता हैं। खराब स्वच्छता का असर सिर्फ सेहत पर नहीं बल्कि देश के विकास पर भी पड़ता हैं साथ ही टीम द्वारा हस्त प्रक्षालन प्रकिया करके बच्चों को समझाया गया।

# जल जीवन मिशन बना जल विहीन मिशन, नारायणपाल के ग्रामीण बोले योजना का लाभ नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ घाटलोहंगा

जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत आड़ावाल के आश्रित ग्राम नारायणपाल में आज भी बुनियादी सुविधा के नाम पर सबसे बड़ी समस्या पेयजल

■ पाइपलाइन अधूरी छोड़ दी गई और चेंबर अब मलबे में बदल चुके

संकट की है। तीन साल पहले बड़ी उम्मीदों के साथ यहां जल जीवन मिशन की नींव रखी गई थी। आधा चेंबर बनाए गए और योजना का शुभारंभ बड़ी घोषणाओं के साथ किया गया। लेकिन अब हालात यह हैं कि तीन साल बीत जाने के बाद भी ग्रामीणों के घरों तक एक बूंद पानी नहीं पहुंचा है।

ठेकेदार ने कार्य बंद करते हुए कहा कि पैसा नहीं आ रहा है। नतीजा यह हुआ कि सिर्फ गड्ढे खोदे गए, पाइपलाइन अधूरी छोड़ दी गई और चेंबर अब मलबे में बदल चुके हैं। ग्रामीण अब सवाल उठा रहे हैं जल जीवन मिशन अब सिर्फ मिशन रह गया है, इसमें जल नहीं है। नारायणपाल के निवासी लक्ष्मण बघेल बताते हैं हम हर दिन पानी के लिए भटकते हैं। जल जीवन मिशन का नाम तो खूब सुना, लेकिन पानी आज तक नहीं मिला। गांव के लोग कुओं और तालाबों का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। अधिकारियों से शिकायत की लेकिन कोई



निराकरण नहीं हुआ। बस्तर जनपद सदस्य हेमराज बघेल ने कहा कि ठेकेदारों को भुगतान नहीं हुआ, विभाग सिर्फ बैठकों और दिखावों तक सीमित है। अधिकारी कभी गांव का दौरा करने नहीं आए। जल जीवन मिशन कागजों में चल रहा है, जमीन पर नहीं। गांव की हकीकत यह है कि बिछाई गई पाइपलाइन कई जगहों पर फट चुकी है, चेंबर जर्जर हो गए हैं और खुदे हुए गड्ढे अब मच्छरों का अड्डा बन चुके हैं। तीन साल से अधूरे पड़े काम का खामियाजा आज ग्रामीण भुगत रहे हैं। शुद्ध पानी की व्यवस्था ठप पड़ गई है और नलकूप की मांग को भी विभाग जल जीवन मिशन के अंतर्गत बताकर टाल रहा है।

ग्रामीणों की नाराजगी अब खुलकर सामने आ रही है। लोग सवाल कर रहे हैं। कमलोचन ठाकुर ने कहा कि जनता पानी के लिए तरस रही है पीएचई विभाग की लापरवाही के कारण यह योजना असफल हो गई है। यदि यही हाल रहा, तो आने वाले दिनों में पेयजल संकट और भयावह रूप ले सकता है।

नारायणपाल के लोग कह रहे हैं जब पानी नहीं दे सकते गारंटी का क्या मतलब बस्तर जैसे इलाकों में योजनाएं फोटो और फाइलों तक सीमित हैं। जमीनी सच्चाई यह है कि जल जीवन मिशन जैसे करोड़ों के प्रोजेक्ट जल विहीन मिशन बनते जा रहे हैं और जनता अब जवाब मांग रही है।

# बीजापुर में राज्योत्सव का भव्य व दिव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर





छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बीजापुर के मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन गरिमामय एवं उल्लासमय वातावरण में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

■ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर की शुरुआत

कार्यक्रम में लोक संस्कृति की झलक और पारंपरिक रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। बीजापुर के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकारग एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना दिवस रजत महोत्सव को हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाया। अपने उद्बोधन में सांसद महेश कश्यप ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ वासियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ था और आज यह 25 वर्षों की गौरवशाली विकास यात्रा पूरी कर चुका है। सांसद कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में पूरा प्रदेश रजत महोत्सव को गौरवपूर्ण ढंग से मना रहा है। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ तीव्र गति से विकसित छत्तीसगढ़ बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बिजली, पानी, सिंचाई, शिक्षा, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य, सड़क और परिवहन सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जलजीवन मिशन के तहत हर घर तक नल से जल पहुँचाया जा रहा है। किसानों को उनकी उपज का 3100 रूपये प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य और प्रति एकड़ 21 क्विंटल की खरीदी की जा रही है।

राज्य की मातृशक्ति को सशक्त बनाने के लिए महतारी वंदन योजना का लाभ बड़ी संख्या में महिलाओं तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप हर व्यक्ति को पक्का आवास देने हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को सर्वाधिक आवास स्वीकृत हुए हैं और निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है। तेंदू पत्ता संग्राहकों से अब 5500 रुपए प्रति मानक बोरा के दर से उनके आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार। सांसद कश्यप ने कहा कि बीजापुर जिले का गठन मई 2007 में हुआ जो पूर्व में दंतेवाड़ा जिले का हिस्सा था। जिला बनने के बाद यहां के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। वर्तमान में बीजापुर में चार अनुभाग, छह तहसील एवं चार विकासखंड हैं, जिससे नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल रहा है। बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, बिजली, पानी, मोबाईल नेटवर्क के विस्तार से बीजापुर जिले का स्वरूप अब बदल रहा है। पर्यटन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हो रही है।

उन्होंने बताया कि बीजापुर अब घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र से सामान्य क्षेत्र की ओर अग्रसर है। छत्तीसगढ़ शासन की नियद नेल्लानार योजना के तहत पुलिस सुरक्षा कैंपों की स्थापना से अंदरुनी क्षेत्रों में सड़क बिजली पानी राशन दुकान स्कूल अस्पताल आंगनबाड़ी बनाए जा रहे है नागरिक सुविधाओं की पहुंच सुगम हुई है। अंत में उन्होंने कहा कि बस्तर अब सुरक्षा, शांति और विकास के पथ पर अग्रसर है। तीरंदाजी व्हालीबाल प्रतियोगिता भव्य आयोजन राज्योत्सव मैदान में हुआ जिसमें सांसद ने रोमांचक मैच देखे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर संबित मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बदलते बीजापुर के विषय में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर बीजापुर को प्राप्त हो रही उपलब्धियों से अवगत कराया।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जिलाराम राना, घासीराम नाग सहित कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, डीएफओ रंगानाथा रामाकृष्णा वाय, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चैबे, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी राज्योत्सव नारायण प्रसाद गवेल सहित जनप्रतिनिधि, पार्षद एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### डीएवी किरंदुल ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण



**किरंदुल।** डीएवी क्षेत्रीय नेशनल स्पोर्ट्स अंडर-14 जो हुडको भिलाई में आयोजित किया गया था । जिसमें डीएवी किरंदुल के 10 छात्र और 10 छात्राओं ने भाग लिया था । इस प्रतियोगिता में रितिका वेट्टी ने लम्बी कूद और 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया । दिप्ती सोनानी ने भाला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 4 गुणा 400 रिले में डिम्पल, वर्षा वेको, दिप्ती, खुशी ने रजत पदक प्राप्त किया। 4 गुणा 100 रिले में रितिका वेट्टी, अपूर्वा, लक्षिता, अलीशा ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरांवित किया। बालक वर्ग में गोला फेंक में शानू भट्टाचार्य रजत पदक , तवा फेंक में कांस्य पदक और मयंक झाड़ी 1500 मीटर रेस में रजत पदक प्राप्त किया। 4 गुणा 400 रिले में ताकेश ,मयंक, सागर ,शानू, दुष्यंत ने रजत पदक जीता। खेल शिक्षक मनोज सिंह, तृप्ति श्रीवास्तव और दिलहरन ने बच्चों की मेहनत को सराहा और डीएवी नेशनल जो दिल्ली मे 22 से 24 नवंबर को होने वाला है उसमें भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की है। स्कूल के प्राचार्य एस के श्रीवास्तव सर ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और नेशनल के लिए अच्छी तैयारी करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है इसलिए हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए स्कूल का नाम एवं किरंदुल सहित दंतेवाड़ा जिले का नाम रोशन करें।

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की हुई समीक्षा

# धान खरीदी के लिए 15 केन्द्र स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

धान खरीदी खरीफ वर्ष 2025-26 के परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन के दिशा निर्देश अनुरूप आगामी 15 नवंबर को धान खरीदी प्रारंभ कर दी जायेगी। इस संबंध में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत के अध्यक्षता में धान उपार्जन केन्द्रों के नोडल, उड़नदस्ता दल, तहसीलदार, तथा खाद्य विभाग, मंडी सहकारिता विभाग की बैठक ली गई। बैठक के एजेंडा में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय हेतु कृषकों का पंजीयन, बारदाना व्यवस्था, पीडीएस बारदानों का एकत्रीकरण, मिलर्स के पास उपलब्ध पुराने बारदानों का सत्यापन, उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु आवश्यक तैयारी, कांटा-बॉट का सत्यापन, एफ.ए.क्यू.के मापदण्ड अनुसार धान की खरीदी, उपार्जन केन्द्रों में धान के उप किस्मों के पृथक स्टैकिंग कराना, पुराने धान की पहचान एवं उपयोग को रोकना, संवेदनशील खरीदी केन्द्रों का चिन्हांकन, संवेदनशील एवं अति संवेदनशील



केन्द्रों में धान उपार्जन, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की मॉनिटरिंग, कस्टम मिलर्स के कार्य की सतत निगरानी, कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान खपाने की गतिविधि पर रोक, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का व्यापक प्रचार-प्रसार जैसे बिंदु शामिल थे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी केन्द्रों में कम्प्यूटर, प्रिंटर, यूपीएस, इंटरनेट सुविधा, बायोमेट्रिक, मोष्चर मीटर की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाये इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक तराजू से ही धान खरीदी किये जाने तथा सुरक्षा की दृष्टि से भण्डारण को डबल डेनेज के लिए भी उन्होंने निर्देशों का पालन करने को कहा है।

# ओलम्पिक युवाओं को दे रहा मुख्यधारा से जुड़ने का मंच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा



जिले में बस्तर ओलम्पिक के विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ आज हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिले के कटेकल्याण के परचेली, दंतेवाड़ा के बालूद, भांसी एवं गीदम के जावंगा में कार्यक्रमों की शुरुआत विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के द्वारा की गई। खेलों के शुभारंभ के साथ ही विभिन्न खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं उत्साहपूर्वक प्रारंभ हुईं।

विधायक चैतराम अटामी ने इस अवसर पर प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो व्यक्ति में अनुशासन, एकता और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलम्पिक खेल स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का एक सशक्त मंच है। यह आयोजन विशेष रूप से बस्तर क्षेत्र के युवाओं, आदिवासी समुदायों तथा पूर्व नक्सल प्रभावित या समर्पित व्यक्तियों को समाज में सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से व्यक्ति को देश-दुनिया को देखने और अपनी प्रतिभा को पहचान दिलाने का अवसर मिलता है।

इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें एक ही मंच पर पिता-पुत्र और माता-पुत्री जैसे पारिवारिक प्रतिभागी भी हिस्सा ले रहे हैं, जिससे खेलों में पारिवारिक सहभागिता और सामाजिक एकता की भावना मजबूत हो रही है। विधायक ने बताया कि पिछले वर्ष भी बस्तर ओलम्पिक में जिले के अनेक प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया था।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने अपने संबोधन में कहा कि बस्तर ओलम्पिक खेलों से गांव-गांव में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। यह आयोजन ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देता है और उन्हें बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करता है। उन्होंने कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है केवल ऐसे मंचों की जो उन्हें पहचान और प्रोत्साहन प्रदान करें।

# पारंपरिक खेलों की धूम, थिरका तोकापाल और दरभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोकापाल/दरभा

बस्तर जिले के तोकापाल और दरभा विकासखंड में बस्तर ओलंपिक का आगाज उत्साह और उमंग से हुआ। पारंपरिक खेलों से सराबोर इस आयोजन में मैदान में न सिर्फ खिलाड़ी पसीना बहाते नजर आए, बल्कि दर्शकों के बीच भी

■ सांसद कश्यप और विधायक गोयल ने खुद खेलकर बढ़ाया खिलाड़ियों का जोश

खेलों का रोमांच देखने को मिला।

भव्य समारोह में बस्तर सांसद महेश कश्यप और चित्रकोट विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खास बात यह रही कि दोनों ने स्वयं भी मैदान में उतरकर खेलों में भाग लिया, जिससे माहौल तालियों और जयघोषों से गूंज उठा।



इस वर्ष कुल 16 पारंपरिक खेलों कबड्डी,रस्साकशी,तीरंदाजी, दौड़, लंबी कूद और वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 42 पंचायतों से आए खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से यह साबित किया कि बस्तर की धरती न सिर्फ परंपराओं की धरोहर है,बल्कि खेल प्रतिभाओं की भी जननी है।

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर ओलंपिक ग्रामीण खेलों को नई पहचान दे रहा है। यह आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और आपसी सौहार्द की भावना को सशक्त बना रहा है। वहीं विधायक विनायक गोयल ने कहा कि इन खेलों के माध्यम से बस्तर की गौरवशाली संस्कृति नई पीढ़ी तक पहुँच रही है। यह परंपरा को पुनर्जीवित करने का प्रेरक प्रयास है। पूरे आयोजन में मैदान तालियों, लोकगीतों और पारंपरिक नृत्यों से गूंजता रहा। खिलाड़ियों की जीत पर नाचते दर्शक और ग्रामीणों का उत्साह आयोजन को जनउत्सव में तब्दील कर गया।

### बस्तर ओलंपिक ने ग्रामीण खेलों को दिया नया जीवन

तोकापाल और दरभा ब्लॉक में हुए बस्तर ओलंपिक ने ग्रामीण खेलों को नया जीवन दिया। 42 पंचायतों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लेकर बस्तर की संस्कृति, खेल भावना और सामाजिक एकता की मिसाल पेश की। सांसद महेश कश्यप और विधायक विनायक गोयल की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया, वहीं कबड्डी, रस्साकशी और तीरंदाजी जैसी प्रतियोगिताओं ने दर्शकों का दिल जीत लिया। पूरे आयोजन में परंपरा, जोश और उत्सव का संगम नजर आया।

# देवउठनी एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गीदम

कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष एकादशी को देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह का पर्व गीदम में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही बाजार और दुकानों में काफी भीड़ रही।

लोगों ने दिनभर उपवास रखा और अपने घरों में तुलसी चौरा की साफ-सफाई और पुताई कर तुलसी माता की पूजा-अर्चना की। लोगों ने तुलसी माता को नई फसल का चावल, गन्ना, चना भाजी, आवंला, कच्चा सिंघाड़ा आदि अर्पित किए। घरों में दीप प्रज्वलित किए गए और बच्चों ने जमकर आतनी फोड़कर खुशी का इजहार किया।

पौराणिक मान्यता के अनुसार, कार्तिक मास की एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार माह की क्षीर निंद्रा के बाद सोकर उठते हैं। इस कारण इसे देवउठनी एकादशी कहा जाता है। इसी दिन से हिन्दू धर्म में मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृहप्रवेश, नामकरण आदि की शुरुआत होती है। देवउठनी एकादशी के साथ ही मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो गई।

### बाजार में उमड़ी भीड़

देवउठनी एकादशी के अवसर पर बाजार में आम दिनों की अपेक्षा अधिक भीड़ रही। दुकानदारों ने सभी पूजन सामग्रियों की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी थी। गन्ने की कीमतें 30 से 100 रुपये प्रति नग तक रहीं। तुलसी विवाह के लिए गन्ने से सजे मंडप आकर्षण का केंद्र बने रहे।

# बस्तर ओलंपिक का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानपुरी

बस्तर विकासखंड के ग्राम करनदोला भानपुरी के हाई स्कूल स्टेडियम में सोमवार को बस्तर ओलंपिक खेल का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप के हाथों मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल, ग्राम सरपंच संध्या कश्यप उपस्थित थे। युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ना व उनके खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से आयोजित बस्तर ओलंपिक में दौड़, वॉलीबॉल, कबड्डी आदि प्रतियोगिता के आयोजन से क्षेत्र सराबोर रहा। 11 ग्राम पंचायत की टीम इस खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर खिलाड़ियों ने अपने-अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के सफल संचालन में प्राचार्य टीआर दुर्गम, गिरीश साहू, विकाश पाठक सहित संकुल समन्वयक संजय तिवारी, तुलसी बघेल, कृष्णा बघेल, दुर्योधन वैद्य, राजू राम, कुलेंद्र राठौर, विनय ठाकुर, महेश बैश एवं गजेंद्र पाणिग्रही, चरण सिंह कश्यप, देवराज सोलंकी, मनीषा सिन्हा, कविता कश्यप, माया बैद, कमला नाग आदि कर्मचारियों का सहयोग सराहनी रहा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# जेडी पर तानाशाही करने का आरोप, 7 को संभाग के स्कूलों में तालाबंदी का ऐलान

## सीएम, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और बस्तर सांसद नाग एवं महेश कश्यप को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक शिक्षा राकेश पाण्डेय के तानाशाही और दमनकारी कार्यवाही के खिलाफ बस्तर सम्भाग भर के शिक्षकों और शिक्षक-कर्मचारी संघठनों ने शासन और प्रशासन के खिलाफ खुलेआम मोर्चा खोल दिया हैं। शिक्षकों ने चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर ली है, जिसके तहत 3 व 4 नवंबर को पूरे संभाग के शिक्षक सांकेतिक प्रदर्शन करते हुए काली पट्टी बांध कर अपनी सस्था में कार्य करेंगे। इसके बाद भी जेडी पर करवाई नहीं होती हैं तो 7 नवंबर को पूरे बस्तर संभाग भर के सम्पूर्ण स्कूलों में तालाबंदी होगी। जेडी भगाओ,बस्तर बचाओ मुहिम के तहत धरना प्रदर्शन करने के लिए सभी शिक्षक लामबंद हो गए हैं। आंदोलन को शिक्षक आक्रोश रैली नाम दिया गया है। आंदोलन को अन्य कर्मचारी संगठन भी पूर्ण समर्थन दे रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव और बस्तर सांसद भोजराज नाग एवं बस्तर सांसद महेश कश्यप को संगठनों द्वारा ज्ञापन दिया जा चुका है और शिक्षक न्याय के लिये आशान्वित हैं। शिक्षकों ने प्रताड़ित होकर 16 अक्टूबर को बिना किसी के आव्हान पर स्वप्रेरित होकर आत्मसम्मान के लिए जेडी पाण्डेय के विरुद्ध बस्तर कमिश्नर और बस्तर कलेक्टर को और अन्य ब्लाकों और जिलों में भी वहां के उच्च अधिकारियों को राकेश पांडे को तत्काल प्रभाव से हटाने के लिए पैदल मार्च कार्यालयों तक किया था, बावजूद आज तक जेडी को नहीं हटाया गया है, जिससे पूरे शिक्षक समाज में उग्र आक्रोश है, इसलिए वे 3 व 4 नवंबर को दो दिन काली पट्टी लगाकर कार्य किया और विरोध दर्ज किया।



### बैठक का किया बहिष्कार

शिक्षक व कर्मचारी संगठनों ने 3 नवंबर को संयुक्त संचालक द्वारा आहूत बैठक का भी बहिष्कार कर दिया है। कर्मचारी संगठन के नेताओं ने कहा जो शिक्षकों से मातृ शक्ति यों से अभद्रता पूर्ण बात करते हैं। शिक्षकों को प्यून, स्वीपर कहते हैं और बच्चों के सामने अपमानित करते हैं, वो शिक्षकों का क्या भला करेंगे। उनके द्वारा अभी शिक्षकों का प्रमोशन भी अपने आप को बचाने का फंडा है कि कर्मचारी संगठन आएं और फोटोशूट करा कर सबको साथ लिया जाए। ऐसा प्रदर्शित करने का उद्देश्य है। उनके द्वारा कराए जाने वाले प्रमोशन में भी भ्रष्टाचार की बू आ रही है। वहां भी कर्मचारी संगठन बस्तर कमिश्नर से सहायता मांग पारदर्शिता से करवाने और जेडी राकेश पांडे को प्रमोशन से दूर रखने की मांग करने वाले हैं।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस का घर घर हस्ताक्षर अभियान

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर में वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान की शुरुआत करते हुए क्रमांक 10 की पार्षद मनदीप कौर ढिंडसा वार्ड ने कहा कि यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि लोकतंत्र और जनता की आवाज है। जो ताकतें जनादेश का अपमान करती हैं, वे लोकतंत्र के अपराधी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह आंदोलन जनता के विश्वास की रक्षा के लिए है, ताकि जनादेश को नकारने की राजनीति का अंत हो। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों से हस्ताक्षर कराए और उन्हें अभियान के उद्देश्य से अवगत कराया। पार्षद के साथ रेणुका साद, केशर यादव, रेखा और नीता जायसवाल उपस्थित रहें।

### अज्ञात कारण से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत भैसाकन्हार निवासी 52 वर्षीय राधुराम कुंजाम का स्वास्थ्य खराब होने से धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। स्वास्थ्य अचानक अत्याधिक खराब हो जाने से उसका 1 अक्टूबर को मौत हो गया। मर्ग डायरी अंतागढ़ थाना में लाने पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक भर्ती परीक्षा 9 को होगी

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक भर्ती परीक्षा आगामी 09 नवम्बर दिन रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें लगभग 498 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक जिला शिक्षा लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उक्त परीक्षा के आयोजन के लिए शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर एवं शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही रोड अलबेलापारा कांकेर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### नलकूप और अहाता निर्माण के लिए 1.50 लाख देने की घोषणा



**दुर्गुकोंदल।** हाटकोंदल में रविवार को ब्लाक स्तरीय गोपाष्टमी पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यादव समाज को एक बड़ी सौगात मिली, जब स्थानीय विधायक सावित्री मंडावी ने समाज के लिए निर्मित यादव भवन का लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह के बाद विधायक मंडावी ने भवन के आवश्यक विकास कार्यों को गति देने के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने यादव भवन में बोर खनन और बाउंड्रीवाल के निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए राशि देने का ऐलान किया। विधायक की इस घोषणा के बाद, हरिराम यादव, रामसाय यादव, बाबूलाल यादव, अवधेश राजकुमार यादव , बलिराम यादव, दयाराम यादव, संतोष यादव,सोहन लाल यादव, दयालु यादव, रामदयाल यादव, दुर्गेश यादव, कृष्ण यादव, भगवानसाय यादव सहित समाज के सदस्यों ने विधायक सावित्री मंडावी के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि भवन के लिए बोर खनन और बाउंड्रीवाल का निर्माण अत्यंत आवश्यक था और यह सहयोग समाज को मजबूती प्रदान करेगा।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने दिए मार्गदर्शन

# मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के लिए बीएलओ को दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 एसआईआर के तहत घर-घर जाकर मतदाताओं के सत्यापन का कार्य मंगलवार 04 नवम्बर से प्रारंभ हो जाएगा। आयोग द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों को सभी बीएलओ बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें, इसे लेकर आज बीएलओ बूथ लेबल ऑफिसर्स को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें उनके दायित्वों के संबंध में आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों और निर्देशों की जानकारी दी गई।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उपस्थित सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य में भी विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है, जिसमें बीएलओ की महती एवं महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन सभी बीएलओ पूरी सजगता और गंभीरता से करें। आयोग द्वारा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 07 फरवरी को किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने कहा कि एसआईआर के प्रत्येक कार्य के लिए समय-सीमा तय है। बीएलओ को सभी मतदाताओं के घर जाकर निर्धारित प्रारूप में सत्यापन कराना बेहद महत्वपूर्ण और आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि सत्यापन के संबंध में फील्ड में किसी प्रकार का संशय होने की स्थिति में बीएलओ अपने उच्चाधिकारियों से परामर्श अवश्य लें। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा बीएलओ के दायित्वों की विस्तारपूर्वक जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई।

इस दौरान उन्हें घर-घर जाकर गणना, पते का मानकीकरण, गणना पत्रक प्रारूप का उपयोग करना, फॉर्म का निष्पादन- प्रक्रिया एवं समय-सीमा, पर्यवेक्षण एवं जांच, दस्तावेज अपलोड करने के लिए वेबसाइट, ई-रोल मैपिंग डाटा, व्यावहारिक सुझाव, प्रारूप नामावली का प्रकाशन आदि के संबंध में व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी से सभी बीएलओ को अवगत कराया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र कुमार कुर्रे ने बीएलओ की ओर से पूछे गए प्रश्नों का समाधान किया और आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने के लिए निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के लिए तिथिवार कार्यक्रम घोषित किया गया है, जिसके तहत 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची में प्रविष्टि मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। बीएलओ, बूथ स्तरीय अधिकारी नए मतदाता को शामिल करने के लिए फॉर्म 6 और घोषणा पत्र एकत्र करेंगे और मिलान/लिंकिंग आधार से जोड़ना में सहायता करेंगे। मतदाता को ईएफ इलेक्टोरल फॉर्म भरने में मदद करेंगे उसे एकत्र करेंगे और ईआरओ/एईआरओ को जमा करेंगे। प्रत्येक मतदाता के घर का कम से कम 3 बार दौरा करेंगे। मतदाता, विशेषकर शहरी मतदाता/अस्थायी प्रवासी, ईएफ ऑनलाइन भी भर सकते हैं। इसके अलावा बीएलओ मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान करेंगे। ईआरओ एईआरओ को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र नागरिक छूटा नहीं हो और कोई भी अपात्र व्यक्ति का नाम उसमें शामिल न हो। इस अवसर पर नरहरपुर एवं कांकेर ब्लॉक के बीएलओ तथा निर्वाचन से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बीएलओ व सुपरवाइजर की एसआईआर पर बैठक हुई

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर विधानसभा के बीएलओ सुपरवायजरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। भानुप्रतापपुर विधानसभा के ईआरओ और एसडीएम गंगाधर वाहिले ने कहा कि निर्वाचन आयोग का मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है जो आयोग के समयसीमा में पूर्ण करना है। इसका उद्देश्य मृत व्यक्तियों के नाम हटाना, स्थायी रूप से निवास बदलने वालों का नाम हटाना, किसी मतदाता का दो स्थानों पर पंजीकरण हो उसे निरस्त करना, फर्जी मतदाताओं का नाम हटाना और शुद्ध, स्वच्छ व पारदर्शी मतदाता सूचियों का निर्माण करना। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स टिकेश ठाकुर ने सभी बीएलओ को कहा कि मतदाता अपना पुनः पंजीयन कर अपना नवीन फोटो लगवा सकते है। इस पुनरीक्षण में बीएलओ को गणना पत्र सभी मतदाताओं का भरना होगा। इसमें मतदाता अपने सत्यापन में 12 प्रकार के दस्तावेज दे सकते हैं, जिसमें कर्मचारियों का पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मूल निवास प्रमाण पत्र, 10 वीं की अंकसूची, वन अधिकार पत्र प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राज्य स्तर पर जारी परिवार रजिस्टर, सरकार द्वारा जारी गृह प्रमाण पत्र और आधार कार्ड सम्मिलत है। इसमें 2003 की मतदाता सूची में जिसका नाम है और उसका और परिवार के लोगों का नाम यदि 2025 की मतदाता सूची में है उसे कोई दस्तावेज देने की आवश्यता नहीं होगी। प्रशिक्षण में भानुप्रतापपुर के एईआरओ सुरेंद्र उर्वशा, दुर्गुकोंदल के कुलदीप ठाकुर, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स टिकेश ठाकुर, विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नुमेश सोनी के साथ साथ सुपरवायजर निरंकार श्रीवास्तव हुबलाल सिन्हा, अमित डोंगरे, मनीष गौतम व अन्य उपस्थित रहें।

### रजत जयंती समारोह का समापन आज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह का तीन दिवसीय भव्य आयोजन मंगलवार को सिटी ग्राउंड में अपने रंगारंग समापन की ओर अग्रसर है। राज्य की समृद्ध कला और विरासत को समर्पित समारोह तीसरे और अंतिम दिन दर्शकों को एक अविस्मरणीय अनुभव देगा।

## नए कृषि यंत्रों के संचालन व महत्व पर किसानों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कृषि क्षेत्र में कृषि यांत्रिकीकरण का उपयोग विभाग फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत कृषि यांत्रिकीकरण का उपयोग विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र 03 नवंबर को आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीरबल साहू ने कार्यक्रम की रूपरेखा तथा कृषि अभियांत्रिकी का कृषि में महत्व के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात प्रमुख परियोजना अन्वेषक एवं विभागाध्यक्ष फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग डॉ. राजेश कुमार नायक द्वारा खेत की तैयारी एवं बुवाई के लिए विभिन्न कृषि यंत्र जैसे खेत में मिट्टी के ढेलों को तोड़कर भुरभुरी करने के लिए रोटावेटर, नाली या मेड़ बनाने के लिए रीजर, मिट्टी को फोड़ने के लिए कल्टीवेटर, कंबाइंड हार्वेस्टर, आदि यंत्रों की जानकारी कृषकों को प्रदान की गई। तत्पश्चात श्री प्रवीण वर्मा ने कृषकों को बताया कि आज के समय में श्रमिकों की अनुपलब्धता को ध्यान में रखते हुए सभी कृषकों को यांत्रिकीकरण अपनाने की नितांत आवश्यकता है और साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषि यांत्रिकीकरण के लिए संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र हरिदास तायडे ने कृषि उपयोगी यंत्रों के संचालन एवं रखरखाव की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में कृषकों को उपयोगी कृषि यंत्र प्रदान किए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शाहवाड़ा, पुसावंड एवं कोटेला के अनुसूचित जाति वर्ग के 52 कृषक सम्मिलित हुए।

## महतारी वंदन योजना की चौदह हजार हितग्राहियों के लिए ई-केवायसी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राज्य शासन के द्वारा सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का ई-केवायसी कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के अनुक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित हितग्राहियों का ई-केवायसी कराया जाना है। कांकेर जिले में महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह औसतन 180001 महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि इनमें से लगभग 1 लाख 64 हजार महिलाओं का सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्डधारी होने के कारण खाद्य विभाग के द्वारा ई-केवायसी किया जा चुका है तथा इन्हीं महिलाओं को महतारी वंदन के तहत लाभान्वित किये जाने के आधार पर दोनों योजनाओं के कॉमन हितग्राही होने के कारण इन्हें महतारी वंदन योजना के तहत पृथक से ई-केवायसी कराये जाने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार कांकेर जिले में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित शेष लगभग 14 हजार महिलाओं का ही ई-केवायसी कराया जाना है क्योंकि इनका ई-केवायसी खाद्य विभाग द्वारा नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इन महिलाओं के नाम/सूची संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के महतारी वंदन एप के लॉगिन आईडी में उपलब्ध हैं। केवल इन्हीं महिलाओं का ई-केवायसी निकट के कॉमन सर्विस सेन्टर में जाकर निःशुल्क कराया जा सकता है। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा राज्य स्तर से चिप्स को नोडल एजेंसी बनाते हुए उनके अधीनस्थ संचालित कॉमन सर्विस सेन्टर के माध्यम से उक्त कार्य निःशुल्क कराये जाने के निर्देश दिये जा चुके हैं। अतः महतारी वंदन योजना से लाभान्वित ऐसी समस्त महिलाएं जिनका ई-केवायसी खाद्य विभाग द्वारा नहीं कराया जा सका है, केवल वे महिलाएं ही आवश्यक अभिलेखों सहित निकट के कॉमन सर्विस सेन्टर सीएससी में उपस्थित होकर अपना ई-केवायसी तत्काल पूर्ण करायें, ताकि उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत निरंतर लाभांवित किया जा सके। महतारी वंदन योजना से लाभान्वित जिन महिलाओं का ई-केवायसी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्य विभाग द्वारा कर लिया गया है। उन्हें पृथक से महतारी वंदन योजना के तहत ई-केवायसी कराये जाने की आवश्यकता नहीं है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए निकट की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पर्यवेक्षक से सम्पर्क किया जा सकता है।



## मूलभूत सुविधाओं व रोजगार की मांग पर अड़े ग्रामीण, प्रबंधन की अनदेखी से बढ़ा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत झिटकाटोला में ग्रामीणों का कलवर माइंस प्रबंधन के खिलाफ धरना प्रदर्शन 16वें दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में संचालित माइंस द्वारा वर्षों से यहां के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन तो किया गया, लेकिन गांव के विकास, स्थानीय सुविधाओं के विस्तार एवं युवाओं को रोजगार देने के मामले में कोई ठोस पहल नहीं की गई।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि माइंस संचालन के दौरान मिट्टी, धूल और भारी वाहनों के आवागमन से गांव की सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। वहीं, पीने के पानी की समस्या, रोजगार में स्थानीय लोगों की उपेक्षा और स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभाव जैसे मुद्दों को कई बार प्रशासन तथा माइंस प्रबंधन के समक्ष रखा गया, किन्तु अब तक समस्या समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि यदि उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो आंदोलन आगे और तेज किया जाएगा।

धरना स्थल पर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधिगण भी ग्रामीणों के समर्थन में पहुंचे। पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि धनसिंह ध्रुव, उपसरपंच रमेश सलाम तथा सभी वार्ड पंच आंदोलनकारियों के बीच मौजूद रहे और उन्होंने ग्रामीणों की मांगों को उचित ठहराते हुए कहा कि गांव की समस्याओं का समाधान होना आवश्यक है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि माइंस प्रबंधन को ग्राम हितों का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि संसाधनों की प्राप्ति ग्राम के भू-क्षेत्र से हो रही है। ऐसे में गांव की उन्नति और रोजगार का अधिकार ग्रामीणों का वैधानिक और नैतिक दोनों अधिकार है। उन्होंने प्रशासन से भी हस्तक्षेप कर समझौता वार्ता प्रारंभ कराने की अपील की।

ग्रामीणों ने मांग रखी है कि स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर स्थायी रोजगार दिया जाए, गांव में पीने के पानी, स्वास्थ्य शिविर एवं धूल प्रदूषण नियंत्रण की व्यवस्था हो। टूटी सड़कों और आंतरिक मार्गों की मरम्मत कराई जाए, ग्राम विकास के लिए वार्षिक स्थायी फंड निर्धारित किया जाए, प्रबंधन और प्रशासन की चुप्पी से ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है और उनका कहना है कि जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलता, तब तक धरना जारी रहेगा।

## मंगल भवन और अटलजी मूर्ति स्थापना स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

मंगल भवन भानुप्रतापपुर का निरीक्षण किया गया और भवन में आवश्यक मरम्मत कार्य खिड़की, दरवाजे, टाइल्स, बिजली, पानी एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था के लिए सब इंजीनियर को निर्देशित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने 3 नवम्बर को मंगल भवन का निरीक्षण किया। नगर का एकमात्र ऐसा स्थान है, जहां शादी-विवाह एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसलिए इसकी साज-सज्जा उत्तम होनी चाहिए ताकि नागरिकों को सुविधाजनक वातावरण मिल सके। इसी सोच के तहत मंगल भवन का जीर्णोद्धार कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इसी क्रम में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति स्थल का भी निरीक्षण किया। आगामी दिनों में मूर्ति का



अनावरण किया जाना है, जिसके शेष कार्यों को उन्होंने सब इंजीनियर प्रशांत कावड़े को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डड़सेना, वरिष्ठ पार्षद भगवान सिंह कुंजाम, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सचिन दुबे, पूर्व पार्षद अशोक सिंह सोलंकी, पूर्व युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी नरेंद्र शर्मा, तिलोक चंद चोपड़ा एवं राहुल सिंह धुन्ने उपस्थित रहें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

